‘जयपुर आर्किटेक्चर फेस्टिवल’

चर्चा में क्यों?

7 नवंबर, 2022 को राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम लिमिटेड (रीको) के प्रबंध निदेशक शिवप्रसाद नकाते ने बताया कि राज्य में आयोजित होने वाले ‘इंडिया स्टोनमार्ट 2022’ में 11 और 12 नवंबर को ‘जयपुर आर्किटेक्चर फेस्टिवल’(जेएएफ) का आयोजन किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- शिवप्रसाद नकाते ने बताया कि जेएएफ विशेषरूप से ‘आर्किटेक्चरल प्रैक्टिस और एजुकेशन एवं इंडिया के स्टोन ट्रेडिशन’पर केंद्रित रहेगा।
- ‘जयपुर आर्किटेक्चर फेस्टिवल’का उद्देश्य आर्किटेक्चर के रचनात्मक क्षेत्र में नए विचारों के आदान-प्रदान, संवाद और नेटवर्किंग के लिये एक उपयुक्त मंच प्रदान करना है तथा जेएएफ में भविष्य के शहरों, पर्यावरण, आर्किटेक्चर के साथ-साथ समृद्ध स्टोन ट्रेडिशंस के अभ्यास और शिक्षा के बारे में कई तरह के विचारों पर ज़ोर दिया जाएगा।
- उन्होंने बताया कि ‘आर्किटेक्चर फेस्टिवल’का आयोजन सीडीओएस, रीको और फिक्की द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। वहीं इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स (IIA) और राजस्थान चैप्टर नॉलेज पार्टनर हैं।
- इस फेस्टिवल में देशभर से और विदेशों के प्रख्यात आर्किटेक्ट्स भाग लेंगे तथा प्रतिभागियों में शिक्षण संकाय और महत्त्वपूर्ण आर्किटेक्चरल कॉलेजों एवं संस्थानों के छात्र भी शामिल होंगे।
- यह फेस्टिवल विभिन्न पत्थरों की उपलब्धता और गुणों के बारे में ज्ञान एवं जागरूकता को अद्यतन करने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
- विदित है कि सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ स्टोन्स (सीडीओएस) ने पत्थर उद्योग में प्रतिभागियों को परेशानीमुक्त चयन और सोर्सिंग के साथ-साथ सीधे संपर्क स्थापित करने के लिये कई पहल की हैं।
- यह आयोजन नए विचारों और प्रतिभाओं के उद्भव के लिये डिज़ाइन फ्रेटरनिटी के 300 से अधिक प्रतिनिधियों के साथ प्रमुख आर्किटेक्ट्स के साथ सीखने और संवाद के अवसर प्रदान करेगा।
- इस फेस्टिवल में राजस्थान राज्य की समृद्ध संस्कृति, विरासत और स्टोन आर्किटेक्चर के स्रोत के रूप में डिस्प्ले एरिना में आर्किटेक्ट्स और डिज़ाइनरों के 15 प्रेरक प्रोजेक्ट्स को भी प्रदर्शित किया जाएगा।
- गौरतलब है कि इंडिया स्टोनमार्ट 22 का 11वाँ संस्करण 10 से 13 नवंबर तक जयपुर के सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र के जयपुर एग्जीबिशन और कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में आयोजित किया जाएगा। इसका आयोजन सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ स्टोंस (सीडीओएस) द्वारा किया जा रहा है, जिसमें फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) सह-आयोजक हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jaipur-architecture-festival